आपात् स्थिति के दौरान सेवा से हटाये गये राजभाषा विभाग के कर्मचारी

1951. **श्री रूपनाथ सिंह यादव** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आपात् स्थिति के दौरान मंत्रालय के राजभाषा विभाग में काम कर रहे कितने राजपत्रित और अराजपत्रित कर्मचारियों को सेवा से हटाया गया था ;

(ख) उनमें से कितने कर्मचारी अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और पिछड़े वर्गों के थे; और

(ग) उनमें से कितने कर्मचारियों को अब तक नौकरी पर बहाल नहीं किया गया है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री धनिक लाल मण्डल) : (क) आपात् स्थिति के दौरान संविधान के अनुच्छेद 311 के खंड (2) के परन्तुक के उप-खण्ड (ग) के अधीन एक अराजपत्रित कर्मचारी को सेवा से हटाया गया था ।

एफ० आर० 56 (जे०) के अधीन एक राजपत्रित अधिकारी को समय-पूर्व निवृत्त किया गया था ।

(ख) राजपत्रित अधिकारी अनुसूचित जाति का था ।

(ग) अराजपत्रित कर्मचारी को 28-5-1977 को बहाल कर दिया गया था । राजपत्रित अधिकारी को अभी तक बहाल नहीं किया गया है ।

Production of Low Priced Janata Watches

1952. SHRI VIJAYKUMAR N. PATIL: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether the H.M.T. has increased the prices of watches recently;

(b) whether production of low priced Janata watches by H.M.T. has been reduced; and

(c) if so, the reasons therefor?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI GEORGE FERNANDES: (a) No, Sir.

(b) No, Sir. In fact the production of Janata watches has been augmented.

(c) Does not arise.

परमाणु हथियारों का निर्माण

1953. **श्री यादवेन्द्र दत्त** : क्या परमाणु ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार परमाणु हथियारों के निर्माण सम्बन्धी अपनी नीति में इस तथ्य को देखते हुए परिवर्तन करेगी कि पाकिस्तान अपनी सशस्त्र सेनाओं को परमाणु हथियारों से सुसज्जित करने में लगा है और शायद दिसम्बर में परमाणु विस्फोट करने वाला है और चीन ऐसे परीक्षण पहले ही कर चुका है ; और

(ख) क्या वर्तमान स्थितियों को ध्यान में रखते हुए सरकार का विचार सृजनात्मक उद्देश्यों के लिए अणुशक्ति के क्षेत्र में अनुसंधान और उत्पादन सम्बन्धी अपनी नीति में परिवर्तन करने का है ?

प्रधान मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : (क) सरकार को इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि पाकिस्तान अपनी सशस्त्र सेनाओं को परमाणु अस्त्रों से सुसज्जित कर रहा है अथवा दिसम्बर में परमाणु विस्फोट करने वाला है ।

(ख) परमाणु अस्त्रों के संबंध में सरकार की नीति इस सदन में पहले कई बार बताई